डीजीपी परिपत्र संख्या-डीजी 8 /2013

एसी० शर्मा,
आई.पी.एस.

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश,
1-तिलक मार्ग, लखनऊ

प्रिय महोदय,

दिनांकः लखनऊः मार्च 2 ,2013

अवगत कराना है कि क्रिमिनल मिस सेकेण्ड बेल अप्लीकेशन नं0-30288/2012-अनोज कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य से संबंधित मु0अ0सं0-131/2011 धारा 420/306 भादवि थाना कोन, जनपद सोनभद्र के संबंध में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक-01-02-2013 को आदेश पारित करते हुए निम्न निर्देश दिये गये हैं:-

".......The Court wants to know the actual number of visceras preserved and not sent in time for chemical analysis and further what positive steps taken by him or orther concerned authorities for early disposal of the visceras in the cases in which cause of death is not known and the visceras have been preserved......."

2. मा0 न्यायालय के आदेश के परिप्रेक्ष्य में विसरा के संबंध में निम्नलिखित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जायः-

- जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश में कुल 647 विसरा परीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाना शेष है। इस सम्बन्ध में अपने-अपने जनपदों में शेष विसरों को तत्काल परीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजना सुनिश्चित करें।
- पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट न होने की दशा में संरक्षित किये गये सभी विसरों को तत्काल विधि विज्ञान प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भिजवा दिया जाय।
- परीक्षण हेतु विधि विज्ञान प्रयोगशाला न भेजे गये विसरों के सम्बन्ध में अपने स्तर से समीक्षा कर लें कि किन कारणों से उन्हें परीक्षण हेतु नहीं भेजा गया एवं आवश्यकतानुसार उन्हें परीक्षण हेतु भिजवाना सुनिश्चित करें।
- प्रत्येक माह आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में संरक्षित विसरों के परीक्षण के सम्बन्ध में समीक्षा करके उन्हें तत्काल विधि विज्ञान प्रयोगशाला भिजवाया जाये। इस सम्बन्ध में शिथिलता परिलक्षित होने पर सम्बन्धित के विरूद्व कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाय।

भवदीय,

(एसी० शर्मा) 2/3/13

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी जनपद, उ0प्र0 (नाम से)।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1.अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे, उ0प्र0 लखनऊ।
2.समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0।
3.समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।
4.निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, महानगर लखनऊ।

Mauvender/destop/letter